पेज थ्री देहरादून
देहरादून, रविवार, 10 अक्टूबर 2021 पेज 8


छत्तीसगढ़ के विधायक विनय भगत ने शिष्टाचार भेंट करते हुए सीएम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### हरिद्वार–दून के बीच ट्रेनें रहेंगी रद्द

**संवाददाता** देहरादून। रायवाला में रेलवे ट्रैक पर 13 अक्टूबर को अंडरपास के निर्माण को लेकर सुबह 7:30 बजे से शाम 5रू00 बजे तक ब्लॉक रहेगा। इससे हरिद्वार से देहरादून जाने वाली शताब्दी, लाहोरी, काठगोदाम ट्रेन देहरादून नहीं जाएंगी। केवल हरिद्वार तक ही इनका संचालन होगा। यह जानकारी स्टेशन अधीक्षक योगनगरी ऋषिकेश जीएस परिहार ने दी है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक मेगा ब्लॉक के चलते योग नगरी रेलवे स्टेशन में 13 अक्टूबर को अहमदाबाद मेल और प्रयागराज का संचालन भी रद्द हो सकता है। फिलहाल इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### शर्मनाकः मामी से दुष्कर्म में भांजा गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर इलाके में रहने वाली एक महिला से उसके भांजे ने दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राजपुर थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने बच्चों एवं पति के साथ राजपुर में रहती है। महिला के पति का भांजा भी उनके साथ रहता है। शिकायत के आधार पर आरोपी युवक मनोज निवासी सखनोली खाल पोस्ट पोखड़ा तहसील चौबट्टाखाल जिला पौड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बताया कि युवक को मसूरी रोड स्थित बिजली कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया।

### विधायक कपूर ने मलिन बस्ती में सुनीं समस्याएं

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधायक हरबंस कपूर ने विधानसभा क्षेत्र की मलिन बस्तियों में जनता से संवाद किया। उन्होंने जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। श्रीदेव सुमननगर, बिंदाल और श्रीरामपुरम में लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने बिंदाल नदी के तटवर्टी क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा कार्यो की मांग रखी। बताया कि कई जगह पुश्ते क्षतिग्रस्त हो रखे हैं, जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

### केंद्रीय पेंशनर्स ने की सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। दून केंद्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन ने हल्द्वानी व श्रीनगर में सीजीएचएस के वेलनेस सेंटर खोलने की मांग की। शनिवार को एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल बीजापुर में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट से मुलाकात की। शिष्टमण्डल में एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएस नेगी, महासचिव एसएस चौहान, संयोजक केएस बंगारी, एमएस रावत, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# सतत विकास और अंत्योदय राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता

**अनुरोध**

- केंद्रीय योजनाओं के मानकों में फ्लोटिंग पापुलेशन भी शामिल किया जाए: सीएम
- सीएम ने जीएसटी कम्पनसेशन को वर्ष 2022 के बाद भी जारी रखने में सहयोग का अनुरोध किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नीति आयोग उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार और उनकी टीम का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए कहा कि आगामी 9 नवम्बर को उत्तराखण्ड 21 वर्ष का होने जा रहा है। प्रधानमंत्री जी ने हमें लक्ष्य दिया है कि 2025 में जब उत्तराखण्ड 25 वर्ष का होगा तो आदर्श विकसित राज्य हो। केंद्र व राज्य सरकार मिलकर उत्तराखण्ड के तेजी से विकास के लिए काम कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास और अंत्योदय हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब तक समाज में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार और प्रशासन पहुंच नहीं जाते हैं, उन तक विकास का लाभ नहीं पहुंचता है, हम चैन से नहीं बैठेंगे। लोगों को विकास योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आसानी से मिले, इसके लिए सरलीकरण पर फोकस किया गया है। उद्योगों में सिंगल विंडो सहित तमाम प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। इन्वेस्टर्स फ्रेंडली माहौल तैयार किया गया है। उद्यमियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के स्टॉक होल्डर्स से संवाद शुरू किया गया है।



मुख्यमंत्री ने राज्य के कुमायूं क्षेत्र में एक और एम्स की स्थापना किए जाने के साथ ही लखवाड़ व्यासी परियोजना, जमरानी बहुद्देशीय परियोजना, सौंग बांध सहित राज्य सरकार के विभिन्न प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी दिलाए जाने में सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के मानकों में फ्लोटिंग पॉपुलेशन को भी शामिल किया जाना चाहिए।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा नीति आयोग के समक्ष राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर नीति आयोग की वरिष्ठ सलाहकार डॉ नीलम पटेल, अनुराग गोयल, नीति आयोग उपाध्यक्ष के निजी सचिव रवीन्द्र प्रताप सिंह, सलाहकार अविनाश मिश्रा, डा प्रेम सिंह, उत्तराखण्ड की अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्रीमती मनीषा पंवार, आनंद बर्द्धन सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सचिव नियोजन डॉ बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने प्रस्तुतीकरण दिया।

### सीएम ने छत्तीसगढ़ के विधायक विनय भगत ने शिष्टाचार भेंट की

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को सचिवालय में छत्तीसगढ़ के विधायक विनय भगत ने शिष्टाचार भेंट की।

### बार्डर एरिया डेवलपमेंट में उत्तराखण्ड को अधिक धनराशि का आवंटन हो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सड़क, रेल और एयर कनेक्टीवीटी पर काफी काम किया गया है। राज्य को केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को जीएसटी कम्पनसेशन वर्ष 2022 में समाप्त हो रहा है। इससे राज्य के लिए वित्तीय समस्या खड़ी हो जाएगी। राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए इसे उत्तराखण्ड के लिए आगे भी जारी रखे जाने की जरूरत है। चीन व नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के कारण उत्तराखण्ड की महत्वपूर्ण सामरिक स्थिति है। यहां बार्डर एरिया डेवलपमेंट प्लान में और अधिक धनराशि दिए जाने की आवश्यकता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दी कार्यबहिष्कार की चेतावनी

**चेतावनी**

- उत्तराखड में कुल 14946 आंगनबाड़ी जबकि 5220 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र हैं

**संवाददाता**

देहरादून। लंबित मांगों को लेकर विभिन्न संगठनों से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी/सेविका कर्मचारी संगठन से जुड़ी कार्यकर्ता पहले ही कार्य बहिष्कार पर चल रही हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में सबसे ज्यादा असर लाभार्थियों के डाटा एकत्र करने और राशन वितरण पर पड़ सकता है।

उत्तराखंड की बात करें तो यहां कुल 14946 आंगनबाड़ी जबकि 5220 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र हैं। जिनमें 33717 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेवारत हैं। ये सभी विभिन्न संगठन से जुड़े हैं। सबसे ज्यादा संख्या वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, मिनी, सेविका कर्मचारी संगठन के कार्यकर्ता बीते 29 नवंबर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समान वेतन, राजकीय कर्मचारी घोषित करने, पदोन्नति की मांग को लेकर राज्यभर में कार्यबहिष्कार पर चल रहे हैं। ऐसे में नवंबर प्रथम सप्ताह में राशन वितरण को लेकर कई केंद्रों में परेशानी आ सकती है।

**मंत्री ने दिए थे आदेश**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा में बीते दिनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विभागीय अधिकारियों की बैठक ली थी। जिसमें कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ोतरी, भवन किराया, नंदा गौरा कन्या धन का लाभ दिलाने, यात्रा भत्ता समेत कई मांगें उठाई थीं। मंत्री ने कार्यकर्ताओं की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए थे। लेकिन कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस ओर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

वहीं, अब उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने भी लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने पर चेतावनी दी है। संघ की प्रांतीय महामंत्री सुशीला का कहना है कि बीते दिनों विभागीय मंत्री रेखा आर्य से हुई वार्ता के दौरान उन्होंने मांग पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया था लेकिन अभी स्थिति जस की तस है।

ऐसे में अगर 15 अक्टूबर तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो उन्हें भी कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इधर, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक एसके सिंह का कहना है कि बीते दिनों आंगनबाड़ी संगठन अपनी मांग रखने के लिए आए थे, लेकिन यह मामला शासन स्तर का है।

### सीएम ने केन्द्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय प्रहलाद पटेल से भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय प्रहलाद पटेल ने भेंट की। इस दौरान उत्तराखण्ड में जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से चल रहे विभिन्न कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के हर घर नल और हर घर जल का लक्ष्य जल्द पूर्ण किया जायेगा। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 01 रूपये में एवं शहरी गरीबों को 100 रूपये में पानी का कनेक्शन दिया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति प्रहलाद पटेल ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्य को हर संभव सहयोग दिया जायेगा। जो प्रकरण अभी प्रक्रिया में हैं, उनमें तेजी लाई जायेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।